सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

22 जुलाई, 2024

सप्तदश विधान सभा — सोमवार, तिथि 22 जुलाई, 2024 ई0

द्वादश सत्र — 31 आषाढ़ 1946 (शक)

(कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय -11:00 बजे पूर्वाह्न)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, अब राष्ट्रगान होगा । कृपया अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जाएं ।

(राष्ट्रगान)

(व्यवधान)

बैठ जाइये । आप तो अच्छे आदमी हैं । वीरेंद्र जी, आप तो अच्छे आदमी हैं, बैठ जाइये ।

माननीय अध्यक्ष महोदय का प्रारम्भिक संबोधन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सप्तदश बिहार विधान सभा के इस द्वादश सत्र में आप सबों का स्वागत है ।

(व्यवधान)

माननीय सदस्यगण, आज से इस पवित्र सावन मास का शुभारम्भ होने जा रहा है । इसे भगवान शंकर की विशेष भक्ति और कृपा से जुड़ा हुआ माह भी मानते हैं । शंकर शब्द का शाब्दिक अर्थ है- कल्याण । भगवान शंकर प्रकृति से जगत का कल्याण करने वाले हैं । महादेव आप सबों की मनोकामनाएं पूर्ण करें । मैं इस पवित्र सावन माह के लिए आप सभी माननीय सदस्यों के साथ सम्पूर्ण बिहारवासियों को सदन की ओर से शुभकामनाएं देता हूँ ।

वर्तमान सत्र में कुल 5 बैठकें निर्धारित हैं...

(व्यवधान)

कृपया शांत रहिये । इसमें प्रश्न एवं लोक महत्व की सूचनाओं के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का व्यवस्थापन होगा, राजकीय विधेयक भी लिये जायेंगे तथा गैर सरकारी संकल्प की सूचना भी निपटाए जायेंगे । पाँच कार्य दिवसों का यह सत्र अपने आकार में भले ही छोटा है लेकिन इसमें आमजन और राज्यहित से जुड़े कई मुद्दों का निपटारा होगा ।

माननीय सदस्यगण, लोकतंत्र विचार-विमर्श, समझाने-बुझाने एवं समझौते पर भरोसा करता है । संसदीय व्यवस्था में वाद-विवाद पर जोर केवल इसलिए नहीं

दिया जाता है कि नीति के अधिकांश सवालों पर दृष्टिकोणों और हितों में मतभेद रहता है, बल्कि इसलिए भी कि मतभेदों की अभिव्यक्ति और उसका सुना जाना लोकतंत्र का अनिवार्य अंग है । संसदीय प्रणाली विविधता और नागरिकों के बीच समानता को आधारभूत तत्व मानकर चलता है और मतभेदों को विचार-विमर्श से दूर किया जाता है क्योंकि किसी भी विषय पर सहमति प्राप्त करने का यही सबसे अच्छा उपाय है ।

अतः आप सबों से अनुरोध है कि इस छोटे से सत्र में सदन के समय का भरपूर सदुपयोग करें और सार्थक विमर्श में भाग लें ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि सत्र संचालन में मुझे आप सबों का पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा ।

## शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब शपथ/प्रतिज्ञान की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है । सभा सचिव ।

सभा सचिव : महामहिम राज्यपाल, बिहार से प्राप्त संदेश को मैं पढ़ती हूँ :-

''भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव को वह व्यक्ति नियुक्त करता हूँ, जिसके समक्ष, बिहार विधान सभा उप-निर्वाचन, 2024 में बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-60-रूपौली से निर्वाचित सदस्य, अपना स्थान ग्रहण करने के पूर्व शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे ।

पटना, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

दिनांक- 16.07.2024 राज्यपाल, बिहार ।''

अध्यक्ष : माननीय सदस्य, शपथ/प्रतिज्ञान की प्रति आपके सामने है । जब आप पुकारे जायें, तब आपको उसे पढ़ना है । सामने मेज पर एक रजिस्टर है, उसमें आपको हस्ताक्षर करना है । अब सभा सचिव नाम पुकारेंगी ।

सभा सचिव : निर्वाचन क्षेत्र संख्या-60, रूपौली, श्री शंकर सिंह ।

| निर्वाचन क्षेत्र सं0 एवं नाम | माननीय सदस्य का नाम | शपथ/प्रतिज्ञान |
|---|---|---|
| 60-रूपौली | श्री शंकर सिंह | शपथ |

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब शपथ/प्रतिज्ञान की कार्यवाही समाप्त की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, आप सबों को एक और जानकारी देना चाहता हूँ कि बिहार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-195, अगिआँव (अ0जा0) से उप-निर्वाचन, 2024 में एक नये माननीय सदस्य श्री शिव प्रकाश रंजन जी सी0पी0आई0 (एम0एल0) दल से निर्वाचित हुए हैं, जो आपके बीच बैठे हैं । इनका शपथ ग्रहण दिनांक 26 जून, 2024 को ही अध्यक्षीय कक्ष में हो चुका है ।

## अध्यक्षीय घोषणा

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-66(1) परन्तुक के अधीन मुझे सदन को सूचित करना है कि सप्तदश बिहार विधान सभा के निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने उनके नाम के सामने अंकित तिथि से सदन से अपने स्थान का त्याग कर दिया है :-

| क्र0सं0 | माननीय सदस्य का नाम | निर्वाचन क्षेत्र संख्या | त्याग करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुदामा प्रसाद | 196, तरारी | 14.06.2024 |
| 2. | श्री सुधाकर सिंह | 203, रामगढ़ | 14.06.2024 |
| 3. | श्री जीतन राम माँझी | 227, इमामगंज (अ0जा0) | 14.06.2024 |
| 4. | श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव | 232, बेलागंज | 18.06.2024 |

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-12(1) के अधीन निम्न सदस्यों को सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूँ :-

1. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, स0वि0स0
2. श्री दामोदर रावत, स0वि0स0
3. श्री विजय शंकर दूबे, स0वि0स0
4. श्री भूदेव चौधरी, स0वि0स0
5. श्रीमती ज्योति देवी, स0वि0स0

## समितियों का गठन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-219(1) के अधीन मैं सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र के लिए कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूँ:-

## कार्य-मंत्रणा समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | - | सभापति |
| 2. श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| 3. श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| 4. श्री विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| 5. श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | - | सदस्य |
| 6. श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा | - | सदस्य |
| 7. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल | - | सदस्य |
| 8. श्री शकील अहमद खाँ, स0वि0स0 | - | सदस्य |

## विशेष आमंत्रित सदस्य

1. श्री नरेन्द्र नारायण यादव, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा
2. श्री आलोक कुमार मेहता, स0वि0स0
3. श्री महबूब आलम, स0वि0स0
4. श्री राम रतन सिंह, स0वि0स0
5. श्री अजय कुमार, स0वि0स0
6. श्रीमती ज्योति देवी, स0वि0स0

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

टर्न-2/पुलकित/22.07.2024

## औपचारिक कार्य

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

सभा सचिव : महोदय, सप्तदश बिहार विधान सभा के एकादश सत्र में उद्‌भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न 12 (बारह) विधेयकों का विवरण सदन पटल पर रखती हूँ जिस पर महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत अनुमति प्रदान की गयी है :-

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग विधेयक, 2024 | 04.03.2024 |
| 2. | बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2024 | 04.03.2024 |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 4. | बिहार अपराध नियंत्रण विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 5. | बिहार लोक सुरक्षा (उपाय) प्रवर्त्तन विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 6. | बिहार कराधान विवादों का समाधान विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 7. | बिहार मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 8. | बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 9. | बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 10. | बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 11. | बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |
| 12. | बिहार राज्य महिला आयोग (संशोधन) विधेयक, 2024 | 14.03.2024 |

## वित्तीय कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री : अध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद-205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या-2) अधिनियम, 2024 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावा वर्ष 2024-25 में जो खर्च होने की संभावना है उसके संबंध में, मैं प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण उपस्थापित करता हूँ ।

## शोक-प्रकाश

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है, जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है :-

### स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी का निधन दिनांक 13 मई, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 72 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय मोदी पटना केंद्रीय विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1990, 1995 एवं 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य, वर्ष 2004 में भागलपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के सदस्य, वर्ष 2006, 2012 एवं 2018 में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधान परिषद् के सदस्य तथा वर्ष 2020 में राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार के कई विभागों में मंत्री एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री भी रहे थे । वे नेता विरोधी दल के रूप में भी सशक्त विपक्ष की

भूमिका निभाते रहे थे । वे एक कुशल राजनीतिज्ञ थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय रघुनाथ गुप्ता

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री रघुनाथ गुप्ता का निधन दिनांक 19 मार्च, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 78 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय गुप्ता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1990 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय शिवाधार पासवान

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री शिवाधार पासवान का निधन दिनांक 19 अप्रैल, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 71 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय पासवान कैमूर जिला के मोहनियां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1990 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय वानेश्वर प्रसाद सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री वानेश्वर प्रसाद सिंह का निधन दिनांक 20 अप्रैल, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 87 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह अरवल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे सच्चे समाजसेवी थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय अनुसूया देवी

बिहार विधान सभा की पूर्व सदस्या श्रीमती अनुसूया देवी का निधन दिनांक 01 मई, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 96 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय देवी सिवान जिला के महाराजगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1957 एवं 1972 में बिहार विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुई थीं । वह एक मिलनसार एवं मृदुभाषी महिला थीं तथा संसदीय कार्य के अलावा विद्वान अधिवक्ता के रूप में भी सेवारत थीं । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय प्रभाकर चौधरी

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री प्रभाकर चौधरी का निधन दिनांक 07 जून, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 63 वर्ष की थी।

स्वर्गीय चौधरी दरभंगा जिला के मनीगाछी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से मार्च, 2005 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी है ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय रामाश्रय सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री रामाश्रय सिंह का निधन दिनांक 08 जून, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 76 वर्ष की थी।

स्वर्गीय सिंह बक्सर जिला के डुमराँव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं कर्मठ व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय शांति देवी

बिहार विधान सभा की पूर्व सदस्या श्रीमती शांति देवी का निधन दिनांक 10 जून, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 88 वर्ष की थी।

स्वर्गीय देवी मुंगेर जिला के खड़गपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से मार्च, 2005 में बिहार विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुई थीं । वह एक मिलनसार एवं मृदुभाषी महिला थीं । इनका जीवन सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित था । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय बाबूलाल मधुकर

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री बाबूलाल मधुकर का निधन दिनांक 14 जुलाई, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 83 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय मधुकर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1978 में बिहार विधान परिषद के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

## स्वर्गीय महेन्द्र नारायण यादव

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री महेन्द्र नारायण यादव का निधन दिनांक 20 जुलाई, 2024 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 83 वर्ष की थी । स्वर्गीय यादव कटिहार जिला के प्राणपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977, 1990, 1995, मार्च, 2005 एवं नवम्बर, 2005 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

अध्यक्ष : अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर सभी दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करें ।

(एक मिनट का मौन)

मैं अपनी तथा सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेजवा दूँगा ।

अब सभा की बैठक, मंगलवार दिनांक 23 जुलाई, 2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की जाती है ।